Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-12-2021 | अंक 71

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 30 नवंबर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




## सड़क दुर्घटना में गाय की मौत



**अपेम लाइवः बरही**

बरही गया रोड रेलवे ब्रीज़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक गाय की मौत हो गई। जानकारी के लिए आपको बता दे कि इस मृत पड़ी गाय की सूचना 12 बजे ही बरही थाना प्रभारी को सूचना दिया गया था। लेकिन खबर लिखे जाने तक मृत गाय की शरीर उसी अवस्था मे पड़ा हुआ है।

# पीएचईडी बरही का हाल बेहाल, पूरा परिसर में है गंदगी एवं कचरा का अंबार, नही है कोई देखने वाला

## पीएचईडी कार्यालय हमेशा रहता है बंद, नही रहते हैं कोई अधिकारी, परिसर शौच क्षेत्र में परिणत








झाडी एवं गंदगी से भरा पड़ा पीएचईडी परिसर

**अपेम लाइवः बरही**

जिस विभाग के कार्यालय पर स्वच्छता की जिम्मेवारी है। जिस कार्यालय के द्वारा आम जनता को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जाता है। वही कार्यालय बरही में खुद बीमार है। खुद गंदा है। जी हां हम बात कर रहे हैं बरही हज़ारीबाग़ रोड के किनारे स्थित बरही का पीएचईडी कार्यालय की। जहाँ गंदगी एवं कचरा का अंबार है। पूरा कार्यालय परिसर में झाडी से भरा पड़ा है। इसका मुख्य कारण है कि यहां कोई भी अधिकारी नही रहते हैं। कार्यालय हमेशा बंद रहता है। जिसके कारण इस कार्यालय को कोई देखने वाला नहीं है। कार्यालय परिसर के आस पास के दुकानदार कचरा इसी परिसर में फेंक देते हैं। परिसर खुला रहने के कारण लोग इसी परिसर में शौच कर देते हैं। लेकिन इसके बाद भी विभाग एवं वरीय पदाधिकारियों को इसकी परवाह नही है। जनकारी हो कि इसी कार्यालय के देख रेख में इनके




बंद पड़ा पीएचईडी कार्यालय

कर्मियों के माध्यम से बरही वासियों को पेयजल आपूर्ति होती थी। इस कार्यालय में कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता रहते थे। लेकिन पिछले 8 सालों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद है। शहरी क्षेत्र के लोगो को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है। इस कार्यालय से पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। जिसका फायदा अधिकारी एवं कर्मी भी उठा रहे हैं। पीएचईडी कार्यालय पूरी तरह बंद रहता है। कोई देखने वाला है। वरीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौन धारण किए हुए है। पीएचईडी के जिम्मे ही रहता है चापानल की मरम्मति का काम बरही प्रखंड में जितने भी चापानल लगाए गए हैं। उनके खराब होने के बाद चापानल मरम्मती की जिम्मेवारी पीएचईडी विभाग की है। लेकिन बरही पीएचईडी कार्यालय में हमेशा बंद रहता है। जिसके कारण बरही प्रखंड के दर्जनों चापानल को ठीक नही कराया जा सका है। ग्रामीण फरियाद ले कर ऑफिस आते हैं, लेकिन कार्यालय बंद रहने के वजह से लोग मायुस होकर लौट जाते हैं। **क्या कहते है पीएचईडी जेईः** पीएचईडी कार्यालय की दुर्दशा पर पूछे जाने पर कनीय अभियंता बिनोद कुमार ने बताया कि मेरे पास मैन पावर की कमी है। इस वजह से ऑफिस में काम नही कर पाता हूँ। मोबाइल से जो लोग संपर्क करते हैं। उनका काम कर देता हूँ। गंदगी के वजह से हम सब खुद परेशान हैं।

# क्षेत्रीय उप निदेशक के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने किया बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

## अपेम लाइव न्यूज़ में प्रकाशित खबर का असर, कई लोगों पर गिर सकती है गाज

**अपेम लाइवः बरही**

अपेम लाइव न्यूज़ में बरही अनुमंडलीय अस्पताल से संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार को हज़ारीबाग़ उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के स्वास्थ्य क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ गोपाल कुमार दास के नेतृत्व में चार स्दस्यीय टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष, प्रसव महिलाओं के भोजन व्यवस्था के साथ साथ बरही अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की । इसके साथ ही एमटीसी का निरीक्षण कर बंद पड़े केंद्र के सम्बंध में जानकारी ली। एमटीसी भवन के की गई पेंटिग एवं उन पर खर्च की गई राशि की ब्यौरा




औचक निरीक्षण करते स्वास्थ्य क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ गोपाल कुमार दास व टीम

की मांग की। इसके अलावे एन एच एम फण्ड से विभिन्न मद में खर्च की गई राशि, बिल भाऊकर की मांग की। इसके साथ ही आउट सोर्सिंग कर्मियों की रिपोर्ट की भी मांग की गई। लेकिन उनके इंचार्य के द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत नही किया गया। वही बीपीएम के द्वारा भी निकासी की गई कई राशि के संदर्भ में संतोषजनक जबाब नही दे पाए। इस संदर्भ में आरडीडी डॉ गोपाल दास ने बताया। कि अभी कई बिंदुओं पर जांच की गई है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। टीम में डॉ गोपाल दास, इंद्रदेव महतो, नकी अहमद आदि लोग शामिल थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

----------------------------------------

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही बीएसए के तीन खिलाडियों का हज़ारीबाग़ अंडर-16 में हुआ चयन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही बीएसए के तीन खिलाड़ियो का चयन हज़ारीबाग अंडर-16 टीम के लिए हुआ। चयनित खिलाड़ियो में मो शमी अख्तर पिता स्व मुस्ताक बरही कोनरा निवासी, अमित कुमार यादव पिता परमेश्वर यादव डेबो चौपारण निवासी, प्रभात कुमार पिता प्रकाश यादव हरला बरही निवासी शामिल है। हज़ारीबाग अंडर-16 की टीम 2 दिसम्बर को लातेहार के लिए रवाना होगी जहा झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लीग मैच का आयोजन किया गया है। लीग मैच को एसोसिएशन द्वारा ए, बील, सी, डी, ई एवं एफ छः ग्रुप में बाटा गया है। जिसमे हजरीबाग टीम को ग्रुप एफ में रखा गया है। ग्रुप एफ में शामिल हजरीबाग टीम का पहला मैच 3 दिसम्बर को जामताड़ा दूसरा मैच 4 दि. सम्बर को सिमडेगा एवं तीसरा मैच 6 दिसम्बर को लातेहार से खेला जायेगा। सभी ग्रुप के विजेता एवं उप विजेता टीम के बीच 8 दिसम्बर को धनबाद में सेमीफाइनल एवं फाइनल खेला जाएगा। उक्त मैचों में बरही बीएसए के तीनों खिलाड़ी हजरीबाग जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी हर्ष व्यक्त करते हुए बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दिया। उन्होंने बताया कि बरही बीएसए के लिए गौरव का पल है कि यहां के खिलाड़ी जिला का प्रति. निधित्व करते नजर आएंगे, कहा बरही के खिलाड़ियो को लगातार बेहतर करने के लिए प्रेरित करता हूं काफी खिलाड़ियों ने जिला एवं प्रदेश स्तरीय खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। सभी चयनित खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की कामना करता हूं।


मोहम्मद सामी अख्तर


प्रभात कुमार यादव


अमित कुमार यादव

## असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है एड्स, सावधानी ही बचाव : डॉ प्रकाश ज्ञानी

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर एड्स मोबिलाइजर कादम्बनी दुबे ने एड्स दिवस को लेकर कई जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि एच आईवी एड्स एक संक्रमित बीमारी है। जिसका पूर्णतया इलाज संभव नही हो पाया है। सावधानी ही एक मात्र बचाव है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने एड्स के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि एड्स एचआइवी संक्रमण की आखिरी स्थिति होती है।जिसमे रोगी को बुखार आना, वजन कम होना, खाँसी आना, साँस फूलना, थकावट महसूस करना इसके लक्षण होते है। संक्रमण प्रसार की जानकारी देते हुए डॉ ज्ञानी ने कहा कि एच आई वी संक्रमित व्यक्ति से सुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित व्यक्ति का खून का के संपर्क में आने से एड्स फैलता। इसलिए जरूरी है कि अपने जीवन साथी के अलावा किसी अन्य से यौन सं. बंध नही रखे। यौन संपर्क के समय निरोधक (कंडोम) का प्रयोग करे। मादक औषधियों के आदि व्यक्ति के द्वारा उपयोग में ली गई सिरिंज व सुई का प्रयोग न करे। एड्स पीड़ित महिलाएं गर्भधारण ना करे। क्योंकि उनसे पैदा होने वाली शिशु को यह रोग लग सकता है। मोके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ एजाज हुसैन, डॉ अमन कुमार, विनय कुमार सिन्हा एवं अस्पताल के अन्य कर्मी मौजूद थे।



एडस से संबंधित जानकारी देते डॉ प्रकाश ज्ञानी व उपस्थित लोग

## 500 जरूरतमंद बच्चों के बीच उन्नी टोपी व स्कार्प का वितरण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : प्रखण्ड के डॉ ललन बाबु कस्तुरबा गांधी+2 उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर के संस्थापक स्व डॉ ललन प्रसाद के बड़े पुत्र चन्दन कुमार ने अपने बेटे अनन्त प्रताप के दसवें जन्मदिन के शुभअवसर पर बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखण्ड के 500 गरीब जरूरतमन्द बच्चों के बीच उन्नी टोपी ब स्कार्प का वित्तरण किया। पहले दिन प्रखण्ड के बिरहोर टोला ,बीघा व सिंहपुर भुइयां टोली व दूसरे दिन प्रखण्ड के चौपारण पंचायत अंतर्गत सियरकोनी के तुरिया टोला व देशी करम , चौथी पंचायत के ग्राम पपरो के जरूरत मंद बच्चों एवं बच्चियों के बीच उन्नी टोपी स्कार्प व ट्रॉफी का वितरण अनन्त प्रताप द्वारा किया गया। पत्रकार चन्दन कुमार ने बताया कि मेरे पिताजी स्व ललन प्रसाद द्वारा हमेशा जरूरतमन्दों को मदद किया जाता था। क्षेत्र के हज़ारो बच्चे व बच्चियों को भी शिक्षित करने में उनका अहम योगदान रहा। आज भी उनके अनुपस्थिति में किन्ही को उनकी कमी नहीं खले बस इसी उद्देश्य से उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्यो को आगे बढ़ाना चाहता हूँ। विद्यालय में आज भी कई गरीब बच्चे निःशुल्क अध्ययनरत हैं। यह सेवा भाव उन्ही से प्रेरणा लेकर आगे भी जारी रहेगा। टोपी वितरण में पत्रकार आकाश सिंह रावत,राजेश कुमार मेहता, मुखिया पुत्र अंकित सिंह, प्रकाश रजक, मोनू राणा,ललन चन्द्रवंशी,राहुल कुमार व अन्य का सहयोग रहा।


वितरण कार्यक्रम मे शामिल लोग

### आज का प्ंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---02.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---त्रयोदशी तिथि
दिन :---गुरुवार
नक्षत्र :---स्वाति नक्षत्र दिन 02:53 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र
योग :---शोभन
करण :---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---तुला राशि में
आज का राहूकाल दिन :---01:30 बजे से दिन :---03:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज प्रदोष व्रत होगा।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## बेन्दगी निवासी विजय भुइयाँ का हैदराबाद में निधन


विलाप करते परिजन

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत बेन्दगी पंचायत के बेन्दगी निवासी विजय भुइयाँ पिछले कई वर्षो से हैदराबाद में रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे। जिसका हैदराबाद में लकवा मार दिया। जिसका इलाज के दौरान निधन हो मौत हो गया। जिसका पार्थिव शरीर आज एम्बुलेंस के द्वारा उनका पैतृक गांव बेन्दगी पहुँचा। पार्थिव शरीर पहुँचते ही बेन्दगी गमगीन हो गया।इस बात की खबर सुनते ही रसोईया धमना पंचायत के समाजसेवी ता. पेश्वर प्रसाद ने मृतक के परि. जनों से मिलकर उनका ढाँढस बंधाया। ओर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## सैनिक स्कूल तिलैया में वर्षों से कार्यरत मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, मजदूरों ने लगाया प्रिंसिपल पर मनमानी करने का आरोप

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**


सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य के खिलाफ धरना देते मजदूर व नेतागण

स्कूल तिलैया में वर्षो से कैजुवल व कॉन्ट्रैक्टचुवल में कार्यरत मजदूरों को सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा निकाले जाने एवं प्रिंसिपल के मन. मानी के खिलाफ मजदूर संघर्ष समिति तिलैया डैम के बैनर तले मजदूरों ने एक दिसम्बर को सैनिक स्कूल गेट के समक्ष अनिश्चितक. ालीन धरना पर बैठ गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि सरयू प्रसाद वर्मा, जिप सदस्य महादेव राम, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धनेश्वर ठाकुर, मुखिया प्रतिनिध किशोर यादव, पंसस महेश प्रसाद, युवा नेता सुधाकर यादव मौजूद थे। इस दौरान अपने संबोधन में महादेव राम ने कहा कि मजदूरों इतने सालों तक काम कराने के बाद हटाना सैनिक स्कूल प्रबंधन की मनमानी को दर्शाता है। सरयू प्रसाद वर्मा ने कहा कि सैनिक स्कूल अपने मजदूरों को 30-35 वर्षो तक काम कराने के बाद निकालना कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व के प्राचार्य ने दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों को एक पैनल बनाकर काम लिया करते थे। जबकि वर्तमान प्राचार्य ने क्षेत्र के कार्यरत मजदूरों को गुमराह करते हुए नई बहाली करवा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बहाली भी नियम विरूद्ध की गई है। वहीं धनेश्वर ठाकुर ने कहा कि 1963 से आज तक ऐसा कोई भी धरना प्रदर्शन सैनिक स्कूल तिलैया में नहीं हुआ। जो साबित करता है कि वर्तमान प्राचार्य मजदूरों के साथ मनमानी कर रहा है। मजदूरों ने मांग करते हुए कहा कि जिन 18 लोगों की बहाली प्राचार्य द्वारा स्थाई रूप से की गई है उन्हें अविलंब रद्द करते हुए कैजुअल व कॉन्ट्रैक्टचुवल मजदूरों को स्थाई किया जाए। मजदूरों ने सैनिक स्कूल प्राचार्य को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर प्राचार्य द्वारा 18 लोगों की बहाली को रद्द नहीं करती है तथा पूर्व में कार्यरत सभी मजदूरों को स्थाई नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मौके पर कैलाश दास, जगन्नाथ स्वर्णकार, मोहम्मद इशाक, सोहन यादव, सरयू राम, महावीर राम, अशोक यादव, छोटूराम, महेंद्र ठाकुर, मुकेश यादव, बालेश्वर यादव, गोपाल रजक, किशोर राम, राजेश रविदास, सोनू कुमार, राजू ठाकुर, अर्जुन राम, संजय कुमार, द्वारिका राम, गुरूचरण पासवान, महेंद्र ठाकुर, महेश राम, राजकुमार पासवान, कालो देवी, विनोद रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधियों ने की अनुमंडल पदाधिकारी से अनौपचारिक मुलाकात,विकास कार्य पर की चर्चा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



हजारीबाग के माननीय सांसद जयंत सिन्हा जी द्वारा मनोनीत सांसद प्रतिनिधि मंडल भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के नेतृत्व मे अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर से मुलाकात कर चौपारण की वर्तमान हालात पर चर्चा की,चर्चा के दौरान जन वितरण प्रणाली दुकान में चल रही प्रकरण पर चर्चा हुई, अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मामला मेरे संज्ञान में है जांच के बाद दोषियों पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी,अन्य विकास और प्रशासनिक व्यवस्था पर चर्चा हुई जिसमे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जो मेरे कार्यक्षेत्र में आता है उसपर निश्चित रूप से ध्यान में रखा जाएगा,इसी क्रम में सांसद प्रतिनिध मंडल व्यूटोरियल के रेंज अ०फिसर चौपारण से मुलाकात कर वन विभाग में हो रहे कार्यो की जानकारी ली और कार्यो को धरातल पर शत प्रतिशत उतारा जाए ऐसा अनुरोध किया गया,प्रति. निधि मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, चौपारण मंडल सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव,सांसद प्रतिनिधि (वन एवम पर्यावरण विभाग बरही अनुमंडल)सीताराम साहु,सांसद प्रतिनिधि (खाद्य आपूर्ति विभाग चौपारण प्रखंड) सुनील कुमार सिंह,भाजपा मिडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता शामिल थे।




## केदारुत में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, विधायक हुए शामिल

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**


शिविर का उद्घाटन करते विधायक एवं अन्य

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में केदारुत पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, प्रमुख मंजू देवी, जिला उपाध्यक्ष मो निज. जामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, बिनोद कुमार यादव, बरही पश्चमी जीप सदस्य संतोष रविदास, मुखिया सुरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्ट०ल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शि. विर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना सं. बंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्क०लरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्व. रोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपा. र्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मौके पर वारिश अंसारी, संतोष रविदास, सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर











## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

**शुभ दीपावली**



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना




## कर्णपुरा महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रांगण में स्वयंसेवकों ने विश्व एड्स दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व एड्स दिवस की शुरुआत 1 दि. संबर 1988 को हुई थी जिसका मकसद एचआईवी एड्स से ग्रसित लोगों की मदद करने के लिए धन जुटाना तथा एड्स को रो. कने के लिए जागरूकता फैलाना एवं लोगों को शिक्षित करना था । पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर ने कहा कि यह एक जानलेवा बीमारी है। भारत सरकार एचआईवी उन्मूलन की दिशा में लगातार कठिन प्रयास कर रहा है इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को प्रभाव में जकड़ रखा है । अभी भी देश में 15 से 49 वर्ष की उम्र के बीच लगभग 50 लाख लोग एड्स से प्रभावित है। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया।उन्होंने कहा कि रेड रिबन एचआईवी प०जिटिव लोगों के साथ एकजुटता और एड्स के साथ ही रहे लोगों के लिए वैश्विक प्रतीक है। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रोफेसर फजरुद्दिन अहमद, प्र.रंजीत प्रसाद , प्र .पवन कुमार, प्र. अनू कुमारी, प्र. ऋतुराज दास, प्र. राम किशोर दांगी,प्र. ललिता कुमारी एवं छात्र छात्राएं – सचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, निर्मल कुमार, निशान, राजन, पिंटू, सीमा, ललिता, सुमन, मनीषा, नीतू, सोनी, सावित्री, सपना आदि उपस्थित थे।

## कोयला मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ सुरक्षा समिति ने पीबीसीएमपी का दौरा किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**





निरीक्षण करते लोग

एनटीपीसी के क्षेत्रिय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार के द्वारा कोल माइंस पकरी बरवाडीह परीयोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें कोयला मंत्रालय समिति में अध्यक्ष टी.के. नाग, पूर्व-सीएमडी , एनसीएल और 6 अन्य विशिष्ट सदस्य शामिल थे। साथ हीं कार्यकारी निदेशक एमवीआर रेड्डी ईडी (पीबीसीएमपी, पीबी-एनडब्ल्यू और बादम) ने समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल दे कर किया। तत्पश्चात समिति को खदान संचालन में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परियोजना द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी गई। सुरक्षा में विभिन्न अच्छी पहलों को भी उनके साथ साझा किया गया। समिति ने खदान का भी दौरा किया और वहां काम करने वाले श्रमिकों से बातचीत की और खदान क्षेत्र में सुरक्षा के विभिन्न उपायों को भी देखा।खदान का दौरा करते हुए टी.के. नाग ने अपनी सन्तुष्टि जाहिर की तथा कहा कि ”पीबीसीएमपी की कोयला खदान काफी अच्छे तरह से संचालित है और मैं यह देख कर बहुत संतुष्ट हूँ कि पीबीसीएमपी त्रिवेणी के बीच बहुत सकरात्मक कम्युनिकेशन बना हुआ है। “उन्होंने स्थानीय महिलाओं को रोजगार देकर एमडीओ स्वास्थ्य केंद्र और एमडीओ द्वारा चलाई जा रही कपड़ा फैक्ट्री का भी दौरा किया। समापन सत्र के दौरान, अध्यक्ष और सभी सदस्यों ने परियोजना द्वारा किए गए समग्र कार्यो और विशेष रूप से खनन कार्यो के दौरान मानव और मशीनों की सुरक्षा सु. निश्चित करने के लिए किए गए उपायों की सराहना की।उन्होंने कोयला खदान सुरक्षा के लिए लागू नीतियों और प्रक्रियाओं की भी सराहना की है।समिति के अध्यक्ष द्वारा साइट पर महिला श्रमिकों द्वारा किए गए अच्छे कार्यो का विशेष उल्लेख किया गया।उन्होंने कहा कि यह महिला सश. क्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की चिंता को दर्शाता है तथा मैं ये देख कर बहुत खुश हूँ की ये महिलाएं ना ही अपने काम में निपुण हैं बल्कि अपने काम के प्रति जागरूक भी हैं।

## एसडीपीओ और सीओ के नेतृत्व में मदगड़ा में दो समुदायों के बीच कब्रिस्तान के विवाद को लेकर थाना में किया गया शांति समिति की बैठक

### कब्रिस्तान के नौ डिसमिल जमीन पर ही कब्रिस्तान के कार्य करने पर बनी सहमति


**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




शांति समिति में थाना में उपस्थित पदाधिकारी एवं दोनो समुदाय के लोग

राजपुर थाना क्षेत्र के मदगड़ा गांव में मंगलवार को शव दफनाने के विवाद को लेकर दो समुदायों के बीच उतपन्न विवाद के सुलह के लिए राजपुर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से एस डी पी ओ अविनाश कुमार,अंचल अधिकारी सह बी डी ओ हुलास महतो,एवं पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी उपस्थित हुए।दोनो पक्षो के बीच उतपन्न कबि. स्तान के जमीन के विवाद को लेकर दोनो पक्षो से अधिकारियो ने उनकी राय जानी।एक पक्ष का कहना था कि जिस जगह पर एक समुदाय का मैयत होता है वो जमीन ग़ैरमजरूवा खाते की है और खतियान में जंगल झाड़ी दर्ज है।वहीं दूसरे समुदाय के लोगो ने ग़ैरमजरूवा जमीन को कब्रिस्तान का बता रहे थे और जिसे तार और सीमेंट के खुट्टा से घेरा बंदी भी कर दिया गया था।लेकिन आपसी सौहार्द बनाने को लेकर प्रशासन और बुद्धिजीवियों ने आपसी सौ. हार्द का परिचय देते हुए मामले को सुलझाने का प्रयास किया और उसमें सफलता भी मिली।एस डी पी ओ अविनाश कुमार और अंचल अधिकारी हुलास महतो ने एक समुदाय को जितना खतियान में कब्रिस. तान के जमीन है उसी पर घेराबंदी करें।ग़ैरमजरूवा जमीन सरकार की या वन विभाग की भूमि वन विभाग की है।सी ओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी अमीन एवं राजस्व कर्मचारी एवं थाना प्रभारी को घटना स्थल पर भेज कर जमीन की मापी कर ख़ितयानी जमीन से अधिक किया गया घेराबंदी को हटाने का निर्देश दिया।जिस पर दोनो पक्ष राजी हुए।मौके पर राजस्व कर्मच. ारी अभय रंजन,थाना प्रभारी मुकेश कुमार,विकास यादव,मुखिया योगेश यादव, समाजसेवी अरुण सिंह,भा. जपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,राजेन्द्र सिंह, मो. सकील, मो.मेराज, मो. अनवर, मो.इकबाल, अशोक सिंह, मुकेश सिंह, प्रमोद सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## जेएसएलपीएस के सहयोग से आरसेटी संस्था द्वारा संचालित 10 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का बादम मे अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन

### योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं बन रही सशक्त एव आत्मनिर्भर : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम के बाद विधायक के साथ शामिल लोग

प्रखंड के बादम पंचायत भवन में जेएसएलपीएस के सहयोग से आरसेटी संस्था द्वारा संचालित 10 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण केंद्र का बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रशिक्षण केंद्र पहुंचने पर उपस्थित स्वयंसेवी महिलाओं ने अंबा प्रसाद का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं तिलक लगाकर स्वागत कियाद्य इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ उठाकर महिलाएं सशक्त हो रही हैद्य महिलाएं इस तरह की प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैद्य उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की हेतु आवाहन कियाद्य मौके पर कांग्रेस कमेटी के पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, जेएसएलपीएस की ओर से बीपीएम राम प्रकाश कुमार, बबलू कुमार, वा. सुदेव कुमार, पूनम पांडे, आरती देवी, संजू देवी, मानती देवी, पिंकी देवी, मीना देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थी ।

## चर्चा का विषय बनी देवर-भाभी की शादी, 8 वर्ष पहले विधवा हुई भाभी की मांग में गंगाधर ने भरा सिंदूर

### टाटीझरिया के बौधा निवासी की पुत्री है गुडिया, पति की मृत्यु के आठ साल बाद देवर से हुई शादी

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



विधवा महिलाओं से विवाह रचाने में आज के आधुनिक दौर में भी लोग काफी हिचकते हैं। समाज में कई तरह की दिक्कतें आती हैं। इसके कारण समाज में विधवाओं का विवाह आज भी आसानी से नहीं होते है। परंतु बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत अंतर्गत संतरूपी महुरी में एक देवर ने अपनी विधवा भाभी से आठ साल विवाह रचाकर समाज में एक मिसाल पेश की है। बताया जाता हैं कि बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत संतरूपी (महुरी) निवासी लक्ष्मण सिंह के प्रथम पुत्र अर्जुन सिंह की शादी हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड के अंतर्गत बौधा निवासी धनेश्वर सिंह की पुत्री गुडिया कुमारी के साथ 2010 में शादी हुई थी। दो वर्ष बाद अर्जुन सिंह की आकस्मिक निधन हो गया। पति के निधन के बाद वह साजो-सामान के साथ अपने परिवार वालो के साथ मायके चली गयी। फिर दोनो परिवार वालो को लगा कि फिर से रिश्ता जोड़ा जाय। आठ वर्ष बाद फिर लक्ष्मण सिंह के द्वितीय पुत्र गंगाधर ने अपनी विधवा भाभी गुडिया से विवाह रचाने की रजामंदी देकर समाज में एक सकारात्मक पहल की और 30 नवम्बर को अपनी भाभी से बिना मांग दहेज के शादी रचाकर समाज में एक नया मिसाल पेश की हैं। वही इस यह प्रयास समाज के बीच काफी सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। समाजसेवी सिकन्दर अली का कहना है कि पूरा समाज गंगाधर सिंह के इस प्रयास की तारीफ करता है।यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है। इससे समाज में विधवा विवाह को प्रोत्साहन मिलेगा।

## कजरी व फुसरी के खिलाड़ियों को दिया गया क्रिकेट सामग्री

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



क्रिकेट सामग्री देते

चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत अन्तर्गत्त कजरी व फुसरी के क्रिकेट खिलाड़ियों को ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता सह जिला पार्षद प्रतिनिधि आनंद सोरेन के द्वारा क्रिकेट सामग्री दिया गया मौके पर आल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से क्रिकेट खेल सामग्री को दिया जा रहा है ताकि शिक्षा के साथ साथ खेल को बढ़ावा दिया जा सके। रैविमो के अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू ने कहा कि खेल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो के युवा अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते है रैविमो के सचिव मन्नू टुडू ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष राम किशोर मुर्मू, सचिव मनु टूडू , आशिक ,जगद. ीश हेम्ब्रोम, संजय मुर्मू , मनोज टुडू, प्रभावित युवा मोर्चा के अध्यक्ष रिजवान अंसारी, सचिव अशरफ अंसारी ,कोषाध्यक्ष विकास सिंह राठौर ,संगठन मंत्री नीलकंठ महतो, प्रभावती युवा मोर्चा के सक्रिय सदस्य नासिर अंसारी, सुनील रविदास, आबिद अंसारी, शिवम कुमार, आरिफ वारसी, मुजाहिद अंसारी, असगर अंसारी, लाल गुलाब ,ताहिर अंसारी, अब्बास अंसारी, सूरज सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दलित पदाधिकारियों के ऊपर हो रहे शोषण, अत्याचार बर्दाश्त नही किया जाएगा : नायक

**अपेम लाइव : राची**



विजय शंकर नायक

झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष – सह हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा है की दलित समाज के अफसरों का शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा अगर रामगढ़ के एसपी प्रभात कुमार को अविलंब रामगढ़ से नही हटाया गया तो मंच बाध्य हो कर रामगढ़ में आंदोलन करने को बाध्य होगा । इन्होंने यह भी कहा की झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले में डीएसपी के के रजक का क्षेत्राधिकार एक एसपी द्वारा नियम विरुद्ध घटाया जाना और इसके खिलाफ डीएसपी के के रजक का विरोध करना अपने आप में एक बड़ा मामला है जिसकी जांच की जाय और नियम विरुद्ध कार्य करने वाले एसपी प्रभात कुमार पर विभागीय करवाई की जाय अन्यथा आंदोलन किया जाएगा । श्री नायक ने आगे कहा की यह मामला और भी गंभीर है इसलिए है कि जब डीएसपी के के रजक ने अपना क्षेत्राधिकार का थानों को मांगा तो उससे एसपी द्वारा उन थानों को भी नही दिया गया। तब मजबूर होकर डीएसपी रजक ने गृह विभाग को पत्र लिखा। गृह विभाग द्वारा पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया। फिर भी कोई कारवाई नही होना और भी कई सवाल खड़े करता है।तब फिर डीएसपी रजक द्वारा हाई कोर्ट में इस मामले को ले जाना।फिर एसपी प्रभात कुमार द्वारा डीएसपी रजक को धमकाना दलित समाज के पदाधिकारी के साथ अमानवीय अत्याचार है जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। श्री नायक ने आक्रोशित शब्दो में कहा की आखिर एक एसपी ऐसा दुस्साहस किस ताकत के बल पर कर रहा है।एक ए स सी ( द लि त ) समाज के अफसर के साथ ऐसा सलूक करना क्या साबित करता है ? इन्होंने साफ शब्दों में यह भी कहा की दरअसल में मामला कोयला का माफियागिरी के खेल में है। रामगढ़ जिला कोयला का अवैध धंधा और वसूली/उगाही के लिए जाना जाता है। यह मामला इसी के इर्द-गिर्द घुम रहा है ऐसा प्रतीत होता है । इस जिले के एस पी प्रभात कुमार को कही कोयला का अवैध खनन, वसूली, कारोबार को बड़वा तो देना नही चाह रहे है और डिप्टी एसपी उसको होने नही देना चाह रहे है । यही वो हकीकत है जिस कारण एक एसपी अपने मातहत एससी डीएसपी रजक के साथ ऐसा बर्ताव कर रहा है क्योंकि एस पी प्रभात कुमार इस बात को जान रहे है की बिना डीएसपी को हटाए उनका काला धंधा नही चल सकता । श्री नायक ने अफसोस व्यक्त करते हुए यह भी कहा की इतने सारे आदिवासी, दलित, पिछड़े संगठन/ राजनेता आखिर इस मामले में चुप्पी साधे क्यों है ? आखिर इन संगठनों की प्रतिनिधि/नेतागण कहां सोये हुए हैं ? जिनको एक दलित अफसर के ऊपर वरीय पदाधिकारी की प्रताड़ना एवं अमान्य अत्याचार दिखाई नहीं दे रहा है ।


## कसियाडीह में झरना युवा क्लब का पहला वर्षगांठ मना

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



कार्यक्रम मे शामिल लोग

चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के कसियाडीह में झरना युवा क्लब का पहला वर्षगांठ मना। मुख्यातिथि झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा व विशिष्ट अतिथि चरही मुखिया महादेव सोरेन , ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता सह जिला पार्षद प्रतिनिधि आनंद सोरेन थे सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया। मौके पर झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा ने कहा कि एक वर्षो में झरना युवा क्लब के युवाओं ने शिक्षा ,स्वास्थ्य व सांस्कृतिक के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है चरही मुखिया महादेव सोरेन ने कहा कि युवाओं ने गांव में विकास में अपनी अहम भूमिका निभायी है साथ ही कम समय मे अपने से पूंजी इकठ्ठा कर बिजनस के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर आत्मनिर्भर बनने का काम किया है ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता सह झरना युवा क्लब के सलाहकार आनंद सोरेन ने कहा कि झरना युवा क्लब गठन करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा ,स्वस्थ्य व सांस्कृतिक क्षेत्रों में बेहतर कार्य करना है साथ ही गांव में लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर शिक्षक मनोज हांसदा, दिलीप टुडू, बिसून मुर्मू, प्रकाश टुडू, दीपक प्रजापति, सुनील हेम्ब्रोम, विशाल मुर्मू, शिवा हेम्ब्रोम,राजेन्द्र टुडू,राजेश टुडू, बिकेश टुडू, संजय टुडू, रमेश टुडू , शानू टुडू, नरेश टुडू, सुखदेव टुडू, सतेंद्र हेम्ब्रोम, अर्जुन टोप्पो, भीमा टोप्पो, मुकेश टुडू, तालो टुडू, श्रीकांत चौधरी, कांतिलाल हांसदा सूरज मरांडी, रामलाल हांसदा, रंजीत सोरेन सुनील सोरेन, छोटे किस्कु, जीवन सोरेन, उमेश टुडू, रमेश टुडू, मौरिस पूर्ति, चंद्रदेव, सचिन हांसदा रवि हांसदा, शंकर टुडू , विजय हांसदा, अक्षय टुडू, नागेशन टुडू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI

EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## चौबे में बैंक ऑफ इंडिया का मिनी ब्रांच शुभारंभ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




उद्घाटन में शामिल

चलकुशा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चौबे में एसबीआई शाखा के अपोजिट में बैंक ऑफ इंडिया का मिनी ब्रांच का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक शंभू कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, उप प्रमुख दुर्गा यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। मौके पर शाखा प्रबन्धक ने कहा संचालक भीम पंडित की देखरेख में बैंक ऑफ इंडिया का मिनी बैंक खुला। खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को अब चलकुशा जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर भूदेव चौधरी संजय पांडेय, राजकुमार पंडित, संतोष चौधरी, दिलीप कुमार, धीरज सोनी, दिलीप पंडित, बाबू जान अंसारी, गफ्फार अंसारी, पप्पू सोनी, पिंटू मोदी, प्रभाकर राम ,दुर्गा ठाकुर, रंजीत कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य ने किया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में पंचायत समिति सदस्य दाऊद अली के द्वारा रोजगार सेवक अफजाल अंसारी के देखरेख में 85 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर भावी पंचायत समिति प्रत्याशी मकीनूर खातून गीता मोसोमात,सोहवा मो, शांति देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, मथुरा सिंह, सुरेश ठाकुर ,चिंता देवी, मोमिना खातून, जफीरा खातून, फुल कुमारी ,बोधी साव, बानो खातून , टेकनी खातून एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## समाजसेवी जमहीरुदीन की माँ का 80 वर्ष में निधन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुअकला पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो जमहीरुद्दीन की माँ का निधन 80 वर्ष की उम्र हो गया। जिससे पूरा गांव में शोक का लहर फैल गया। उनकी पार्थिव शरीर को 2: बजे गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।




## सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैंप में मनाया गया 57 वां स्थापना दिवस

### मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक में शामिल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



बीएसएफ तमाम कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा में निभा रही है महत्ती भूमिका- राज्यपाल रमेश बैस बुधवार यानी 1 दिसंबर 2021 को सीमा सुरक्षा बल अपना 57 वां स्थापना दिवस मना रही है। भारत पाक और भारत चीन युद्धों के बाद भारत की सीमाओं की सुरक्षा सु. निश्चित करने और उससे जुड़े मामलों के लिए एक एकीकृत केंद्रीय एजेंसी के रूप में 1 दिसंबर 1965को बीएसएफ का गठन किया गया था। यह भारत संघ के पांच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में से एक है और दुनिया की सबसे बड़ी सीमा सुरक्षा बल के रूप में खड़ा है बीएसएफ को भारतीय क्षेत्रों की रक्षा की पहली पंक्ति कहा गया है. हजारीबाग जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर सदर विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित सीमा सुरक्षा बल के प्रशिक्षण केन्द्र, मेरु में भी सीमा सुरक्षा बल की 57 वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल रमेश बैस जी को यहां ऑफिसर्स भवन परिसर स्थित शान - ए- मगध परिसर में बीएसएफ जवानों ने गार्ड अ०फ अ०नर सम्मान दिया। उसके बाद हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए देश के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सदर विधानसभा क्षेत्र अवस्थित बीएसएफ, मेरु के प्रांगण में हार्दिक अभिनंदन किया। वहीं यहां बीएसएफ, मेरु के आईजी डीके शर्मा और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डo मुकुल नारायण देव ने पुष्प- गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। यहां से प्रशासनिक भवन पहुंचे जहां एक एक कर बीएसएफ के प्रशासनिक अधिकारियों से परिचित हुए और फिर प्रशासनिक भवन का मुआयना कर यहां अवस्थित कॅन्फ्रेंस हॉल में बीएसएफ के सभी अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। यहां से बीएसएफ की खुली जीप पर बीएसएफ के आईजी डीके शर्मा के साथ सवार होकर जंगल सफारी पर निकले। जंगल सफारी के दौरान प्रकृति की सुरम्यता और रमणीयता के साथ पर्यावरण और वन्यजीवों के संरक्षण व संवर्धन से भी रूबरू हुए। यहां घने जंगलों के बीच कई प्रकार के जंगली जानवर और परिंदों के साथ बाहें फैलाए कई झीलों की मनोहारी सौंदर्य को देख वे अभिभूत हो गए। जंगल सफारी के पश्चात कैंप परिसर में टीसीएस एवं एसटीसी के जवानों की दैनिक गति. विधियों से भी रूबरू हुए और बीएसएफ जवानों के कई हैरतअंगेज कारनामे और जांबाज कमांडो के करतब को भी बड़े ही आत्मीयता के भाव से देखा। जवानों के द्वारा आतंकियों और दुश्मनों से बचने के लिए खुद से इजाद किए गए कई प्रकार के आईडी विस्फोटक निस्. तारण प्रक्रिया को भी बा. रीकी से जाना, समझा और प्रैक्टिकली देखा। बीएसएफ जवानों के विभिन्न गतिविधि से अवगत होते हुए उनका काफिला अंताक्षरी स्टेडियम पहुंचा जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित था। यहां बीएसएफ की बैंड की मनोहारी प्रस्तुति ने समा बांध दिया। महिला और पुरुष जवानों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना हर रगों में जागृत की। यहां सभी ने सामूहिक रूप से कई प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाया। बीएसएफ, मेरु की और से आयोजित स्थापना दिवस समारोह की विशेष स्मृति चिन्ह महामहिम राज्यपाल रमेश बैस के हाथों हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को भेंट किया गया वहीं यहां के आईजी डीके शर्मा ने महामहिम राज्यपाल रमेश बैस को स्मृति चिन्ह भेंट किया। देश सेवा में अपने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए नक्सलियों से हुए मुठभेड़ में लातेहार जिले में शहीद हुए बीएसएफ के अधिकारी शहीद राजेश कुमार की पत्नी को महामहिम राज्यपाल रमेश बैस के द्वारा बीएसएफ मेरु की ओर से शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया मौके पर महामहिम राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि यह झारखंड राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है की हजारीबाग के में रूम में सीमा सुरक्षा बल का प्रशिक्षण केंद्र अवस्थित है। सीमा सुरक्षा बल के जवानों के कारण आज हमारा राष्ट्र और हम महफूज एवं सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ मेरु कैंप में आने के बाद हमने देखा की जवान किस प्रकार कठिनाइयों का सामना कर एवं चुनौतियों को स्वीकार करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इनके प्रदर्शन को देख कर ही स्पष्ट हो जाता है कि सेना में वही भर्ती हो सकते हैं जिनके अंदर देश के प्रति असीम प्रेम, त्याग और समर्पण की भावना निहित हो। उन्होंने कहा कि देश के रणबांकुरे के बीच आकर मुझे आत्मिक खुशी हुई और भविष्य में भी जब भी इनके बीच आने का अवसर प्राप्त होगा जरूर आऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार के भी लोग सेना में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। बीएसएफ की 57 वां स्थापना दिवस की सभी को बधाई भी दिया। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए महामहिम राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि मैं झारखंड राज्य के विकास में सरकार का सहयोग करने आया हूं और अपने इस उद्देश्य में झारखंड राज्य के विकास के लिए मुझे प्रोटोक०ल तोड़कर भी काम करना पड़ा तो अवश्य करूंगा ।

